न्यू यॉर्क शहर दोबारा खोलना: बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ)

मुझे कार्यस्थल पर कब लौटना चाहिए?

न्यू यॉर्क शहर (NYC) में COVID-19 का सामुदायिक संचार अभी-भी हो रहा है। अपने कर्मचारियों की सुरक्षा करने और COVID-19 के प्रसार को रोकने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि घर से कार्य करने की नीतियों को अधिकतम संभव समय तक जारी रखा जाए। घर से कार्य करना जारी रखने से उन लोगों को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है जिनके लिए आमने-सामने या व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ कार्य करना आवश्यक है, और साथ ही इससे हमारे समुदायों को, विशेष रूप से अश्वेत समुदायों को, जो COVID-19 से विषमानुपाती ढंग से प्रभावित हुए हैं, को सुरक्षित रखने में भी मदद मिल सकती है।

विचार करें कि क्या आप अधिकतम संभव कर्मचारियों को घर से कार्य करने की अनुमति देने के लिए अपने प्रचालनों में और कोई बदलाव कर सकते हैं। यदि आप कर्मचारियों का कार्य के लिए घर से निकलना आवश्यक करने पर विवश हों, तो "New York Forward" (न्यू यॉर्क अग्रसर) में इन बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्नों और आवश्यकताओं को ध्यान से पढ़ें, और अपने कर्मचारियों को COVID-19 से सुरक्षित रखने के लिए जोख़िम घटाने की रणनीतियां लागू करें।

कौन से NYC संसाधन उपलब्ध हैं?

- NYC सुरक्षित परिवेश बनाए रखने में मदद के लिए मार्गदर्शन एवं टूल्स प्रदान कर रहा है, जिसमें बहुभाषी संदेश शामिल हैं।
- NYC के पास आपकी, आपके कर्मचारियों की, और आपके ग्राहकों की सुरक्षा के लिए एक शक्तिशाली COVID-19 "Test and Trace" (परीक्षण एवं खोज) कार्यक्रम है। अधिक जानकारी के लिए, नीचे "स्क्रीनिंग, परीक्षण और संपर्क खोज" देखें।
- NYC के पास स्वास्थ्य देखभाल के संसाधनों, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल शामिल है, तक पहुंचने में आपकी और आपके कर्मचारियों की मदद करने के लिए संसाधन उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए, नीचे "स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच" देखें।
- व्यवसायों को उनके दायित्व समझने में मदद देने के लिए NYC के प्रतिनिधि समुदाय में उपस्थित रहेंगे।

स्क्रीनिंग, परीक्षण और संपर्क खोज

मुझे मेरे कर्मचारियों की COVID-19 स्क्रीनिंग कैसे करनी चाहिए?
न्यू यॉर्क राज्य (NYS) नियोक्ताओं के लिए कर्मचारी स्वास्थ्य स्क्रीनिंग संचालित करना आवश्यक करता है। NYC स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वच्छता विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड मेंटल हायजीन) (NYC स्वास्थ्य विभाग) का स्क्रीनिंग टूल ध्यान से देखें। स्टाफ़ को याद दिलाएं कि वे अपने स्वास्थ्य पर करीबी नज़र रखें और यदि वे अस्वस्थ हों तो घर पर ही रहें। अस्वस्थ स्थिति में कार्य करने आने वाले या कार्यस्थल पर अस्वस्थ हो जाने वाले स्टाफ़ को तत्काल घर भेजा जाना चाहिए।

नियोक्ताओं को अवकाश नीतियों में ढील देकर स्टाफ़ को प्रेरित करना चाहिए कि जब तक वे स्व-पृथकवास समाप्त करने के मानदंडों को संतुष्ट न कर लें तब तक वे घर पर ही रहें। शारीरिक दूरी, हाथों की उत्तम स्वच्छता और फ़ेस कवर के नियमित उपयोग को बढ़ावा देना भी ज़रूरी है — ये सावधानियां COVID-19 के प्रसार के विरुद्ध सुरक्षा के लिए अत्यावश्यक हैं, विशेष रूप से तब जब कोई अस्वस्थ हो पर उसमें लक्षण न हों।

स्क्रीनिंग से मुझे कर्मचारियों के बारे में जो जानकारी मिलेगी उस पर कौनसे गोपनीयता नियम लागू होते हैं?
नियोक्ता के लिए कर्मचारियों की चिकित्सीय जानकारी ऐसी फ़ाइलों में रखना आवश्यक है जो अन्य कार्मिक फ़ाइलों से अलग हों। नियोक्ताओं को चिकित्सीय जानकारी की गोपनीयता का संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। गोपनीयता की आवश्यकता के कुछ अपवाद हैं। उदाहरण के लिए, पर्यवेक्षकों (सुपरवाइज़र) और प्रबंधकों (मैनेजर) को किसी कर्मचारी के कार्य या कर्तव्यों पर लगाए जाने वाले आवश्यक प्रतिबंधों तथा आवश्यक समायोजनों के संबंध में सूचित किया जा सकता है; यदि किसी को आपातकालीन उपचार चाहिए हो तो प्राथमिक उपचार और सुरक्षा कार्मिकों को सूचित किया जा सकता है, बशर्ते ऐसा करना उपयुक्त हो; और संघीय भेदभाव कानून के अनुपालन की जांच करने वाले सरकारी अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उन्हें संबंधित जानकारी प्रदान करना आवश्यक होता है।

यदि कोई कर्मचारी स्क्रीनिंग करवाने से मना करे तो नियोक्ता के पास क्या-क्या विकल्प हैं? क्या उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं?
कर्मचारियों को यह समझाना महत्वपूर्ण है कि स्क्रीनिंग उनकी, उनके सह-कर्मियों की, और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए लागू की गई है। उनके जो भी प्रश्न व चिंताएं हों उनके उत्तर दें। यदि कोई कर्मचारी स्क्रीनिंग करवाने से मना करे तो नियोक्ता उस कर्मचारी को दंडित कर सकता है। दंड की प्रकृति नियोक्ता की नीतियों पर और सामूहिक सौदेबाजी करारों के तहत जो भी अधिकार प्रदत्त हों उन पर निर्भर करेगी।

क्या मुझे स्क्रीनिंग स्वास्थ्य डेटा अपने पास बनाए रखना चाहिए?
न्यू यॉर्क राज्य यह आवश्यक करता है कि व्यवसाय अनिवार्य स्वास्थ्य स्क्रीनिंग आकलन लागू करें। व्यवसायों को यह दस्तावेज़ीकृत करना होगा कि उन्होंने इन दैनिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग आकलनों के उत्तरों की समीक्षा कर ली है। व्यवसायों के लिए कर्मचारी के स्वास्थ्य डेटा (जैसे, तापमान का डेटा) के रिकॉर्ड अपने पास रखना

निषिद्ध है। स्क्रीनिंग और दस्तावेज़ीकरण के उदाहरणों के लिए NYC स्वास्थ्य विभाग (हेल्थ डिपार्टमेंट) का स्क्रीनिंग टूल और मॉडल लॉग देखें।

NYC परीक्षण एवं खोज कार्यक्रम क्या है?

NYC परीक्षण एवं खोज दल COVID-19 के मामलों की जांच करने, और उन मामलों के नज़दीकी संपर्कों की पहचान करने एवं उनकी निगरानी करने के लिए, हज़ारों संपर्क खोजी तैनात कर रहा है। इस कार्य से शहर वायरस के परीक्षण में पॉज़िटिव आने वालों को तत्काल अलग कर सकेगा और उनकी देखभाल कर सकेगा, और फिर उनके नज़दीकी संपर्कों के मामले में भी यही कार्य कर सकेगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएं: nychealthandhospitals.org/test-and-trace.

राज्य मार्गदर्शन कहता है कि "यदि COVID-19 के परीक्षण परिणाम पॉज़िटिव आते हैं तो उत्तरदायी पक्षों को मामले के बारे में राज्य एवं स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सूचित करना होगा।" मैं शहर के स्वास्थ्य विभाग को किस प्रकार सूचित करूं?

आप NYC परीक्षण एवं खोज दल को CovidEmployerReport@nychhc.org पर ईमेल भेज सकते हैं।

यदि कर्मचारियों को COVID-19 है या हो सकता है तो क्या उनके लिए नियोक्ताओं को सूचित करना आवश्यक है?

COVID-19 से ग्रस्त व्यक्तियों को NYC परीक्षण एवं खोज दल घर पर पृथकवास में रहने का निर्देश देगा, और उन्हें अपने नियोक्ता को सूचित करना चाहिए। इस पृथकवास की अवधि के दौरान उन्हें कार्य पर आने के लिए घर से नहीं निकलना चाहिए, हालांकि, यदि वे स्वयं को कार्य करने के योग्य महसूस करें तो वे घर से कार्य कर सकते हैं।

यदि कोई कर्मचारी COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आए तो क्या व्यवसाय को अन्य स्टाफ़ को इसकी सूचना देनी चाहिए?

आप अन्य स्टाफ़ या ग्राहकों/क्लाइंट्स को यह सूचित कर सकते हैं कि हो सकता है कि वे संपर्क में आ गए हों, पर परीक्षण में पॉज़िटिव आने वाले कर्मचारी का नाम न बताएं। कर्मचारियों और ग्राहकों/क्लाइंट्स को समझाएं कि आपके लिए कर्मचारी की निजता का संरक्षण करना आवश्यक है और आप कर्मचारी विशेष की चिकित्सीय स्थितियों पर चर्चा नहीं कर सकते हैं। NYC परीक्षण एवं खोज दल, COVID -19 से पीड़ित पाए गए सभी लोगों का इंटरव्यू लेने का प्रयास यह पता लगाने के लिए करेगा कि उनके नज़दीकी संपर्क में कौन से व्यक्ति रहे हैं। इन नज़दीकी संपर्कों को उनके संपर्क में आने के आधार पर टेस्ट करवाने और स्वयं को अन्यों से अलग रखने का निर्देश दिया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति चिंतित है कि वह संभवतः किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आया है, लेकिन उस व्यक्ति से NYC परीक्षण एवं खोज दल द्वारा संपर्क नहीं किया गया है, तो वह व्यक्ति COVID-19 परीक्षण विकल्पों पर चर्चा के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात कर सकता है या nychealthandhospitals.org/test-and-trace/testing पर जा सकता है।

जो कर्मचारी COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव आया हो या जिसमें COVID-19 के समनुरूप लक्षण रहे हों वह पृथकवास के बाद कार्य पर कब लौट सकता है?
दोबारा खोले जाने के संबंध में NYS के मार्गदर्शन के आधार पर, स्टाफ़ को लक्षण आरंभ होने के बाद से कम-से-कम 10 दिनों तक, या यदि लक्षण विकसित न हों तो, उनके पहले पॉज़िटिव परीक्षण के बाद से 10 दिनों तक, कार्य पर नहीं लौटना चाहिए।

किसी अस्वस्थ कर्मी को घर भेजते समय मुझे ऐसा क्या कहना चाहिए ताकि सहकर्मी उसका उत्पीड़न या उससे भेदभाव न करें?
आपको अन्य लोगों के सामने कर्मी को घर भेजे जाने का कारण प्रकट नहीं करना चाहिए। स्वास्थ्य जानकारी गोपनीय होती है और उसे अन्य कर्मचारियों के सामने प्रकट नहीं किया जाना चाहिए। सहकर्मियों से कहें कि किसी चिकित्सीय स्थिति, जैसे कोविड-19 (COVID-19), के कारण किसी कर्मचारी का उत्पीड़न करना या उससे भेदभाव करना, NYC मानवाधिकार कानून का उल्लंघन है।

जो कर्मचारी अस्वस्थता के कारण बाहर था क्या उसके लिए कार्य पर लौटने से पहले COVID-19 डाइग्नोस्टिक या एंटीबॉडी परीक्षण करवाना आवश्यक किया जाना चाहिए?
नहीं, काम पर लौटने के लिए किसी टेस्ट की आवश्यकता नहीं है। फिर भी, NYC की सिफारिश है कि सभी न्यूयॉर्क वासियों का COVID-19 नैदानिक टेस्ट किया जाए चाहे उनमें लक्षण हों या न हों अथवा चाहे वे बढ़े हुए जोखिम में हो या न हों। वर्तमान में यह सिफ़ारिश नहीं की जाती है कि पिछले टेस्ट के दौरान जो पॉज़िटिव पाए गए थे, उन्हें फिर से टेस्ट करवाना चाहिए, जब तक कि सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देश या उनके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा ऐसा करने की सलाह न दी जाए।

यदि कोई कर्मचारी COVID-19 के परीक्षण में पॉज़िटिव पाया जाता है, तो हमें उसके निकटस्थ कार्यस्थान और संपूर्ण व्यवसाय को किस प्रकार साफ करना चाहिए?
सभी स्थानों, जैसे कार्यालयों, शौचालयों/प्रसाधन-कक्षों, साझा स्थानों, टैबलेट, टच स्क्रीन, कीबोर्ड आदि साझा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को साफ और विसंक्रमित करें। सफाई और विसंक्रमण मार्गदर्शन का पालन करें।

यदि कोई कर्मचारी COVID-19 एंटीबॉडी के लिए पॉज़िटिव पाया जाता है, तो क्या इसका यह अर्थ है कि वह दोबारा संक्रमित नहीं हो सकता है?
हमें अभी तक यह ज्ञात नहीं है कि COVID-19 एंटीबॉडी की उपस्थिति का यह अर्थ है या नहीं कि व्यक्ति में दीर्घस्थायी प्रतिरक्षा विकसित हो गई है। आपको किसी एंटीबॉडी परीक्षण के परिणाम के आधार पर न तो किसी को कार्य से वर्जित करना चाहिए और न ही नियुक्ति/रोज़गार संबंधी अन्य निर्णय लेने चाहिए।

बीमार होने पर घर पर ही रहना

मेरे कई कर्मचारी घर पर पृथकवास में नहीं रह सकते हैं। शहर के पास देने के लिए क्या-क्या संसाधन हैं?

ऐसे न्यू यॉर्क वासी जो स्वयं COVID-19 से ग्रस्त हैं और घर पर पृथकवास में नहीं रह सकते या वे न्यू यॉर्क वासी जो इससे ग्रस्त किसी व्यक्ति के साथ रहते हैं और वह व्यक्ति घर पर पृथकवास में नहीं रहता है और नहीं रह सकता है, तो संभव है कि वे किसी होटल में निःशुल्क ठहराव कर सकें। अपने कर्मचारियों के साथ NYC COVID-19 होटल कार्यक्रम के बारे में जानकारी साझा करें जो nychealthandhospitals.org/test-and-trace/take-careपर उपलब्ध है।

मेरा कर्मचारी अपने समस्त सवेतन रुग्णता अवकाश प्रयोग कर चुका है पर उसमें COVID-19 के लक्षण हैं या उसमें COVID-19 होने की पुष्टि हुई है। क्या सरकार उसे रुग्णता अवकाश का वेतन प्रदान करेगी?

सवेतन रुग्णता अवकाश के बारे में जानकारी के लिए, nyc.gov/health पर आएं और “Paid Sick Leave Commissioner’s Order” (सवेतन रुग्णता अवकाशव कमिश्नर का आदेश) व “Paid Sick Leave FAQ.” (सवेतन रुग्णता अवकाश बहुधा पूछे गए प्रश्न) खोजें। अधिक जानकारी के लिए आप NYC DCWP पर भी जा सकते हैं।

नियोक्ताओं को इस बात से अवगत होना चाहिए कि उन पर न्यू यॉर्क शहर एवं न्यू यॉर्क राज्य के मानवाधिकार कानूनों के तहत, और अशक्त अमेरिकी अधिनियम (अमेरिकन्स विद डिसेबिलिटीज़ एक्ट) के तहत, “अशक्तताओं” (जिनमें चिकित्सीय स्थितियां शामिल हैं) से ग्रस्त कर्मचारियों को समुचित समायोजन/व्यवस्थाएं प्रदान करने का दायित्व है। अवकाश समय, समुचित समायोजन/व्यवस्था का एक रूप है। ये भेदभाव कानून यह आवश्यक नहीं करते हैं कि सवेतन अवकाश दिया जाए, पर वे नियोक्ता के लिए यह आवश्यक कर सकते हैं कि वह नियोक्ता की नीति के तहत उपबंधित से अधिक (और परिवार एवं चिकित्सा अवकाश अधिनियम (फ़ैमिली एंड मेडिकल लीव एक्ट) के तहत उपबंधित से अधिक) अवेतन अवकाश समय की अनुमति दें, बशर्ते ऐसा नियोक्ता के लिए अनुचित कठिनाई उत्पन्न किए बिना किया जा सकता हो।

यदि मेरा व्यवसाय सभी आवश्यकताओं का पालन करता है, और फिर भी कर्मचारियों और/या ग्राहकों को COVID-19 हो जाता है, तो क्या मेरा कोई दायित्व होगा?

दायित्व संबंधी चिंताओं के बारे में अपनी बीमा कंपनी और अधिवक्ता से पूछें।

स्वास्थ्य देखभाल और मानसिक स्वास्थ्य सहयोग तक पहुंच

संभव है कि मेरे कुछ कर्मचारियों के पास चिकित्सक न हो। मैं उन्हें कहां भेज सकता/ती हूं?

- कर्मचारियों को देखभाल ढूंढने में मदद देने के लिए अपनी कंपनी की स्वास्थ्य बीमा योजना की वर्तमान स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता निर्देशिका वितरित करें।

- यदि आप एक लघु व्यवसाय हैं और कर्मचारियों को बीमा नहीं देते हैं, तो कर्मचारियों को सूचित करें कि वे निःशुल्क या कम लागत वाली स्वास्थ्य देखभाल ढूंढने के लिए **311** पर कॉल कर सकते हैं।
- निःशुल्क COVID-19 परीक्षण के बारे में सूचना प्रदान करें।
- अस्वस्थ होने पर क्या करना है के बारे में सूचना प्रदान करें।

हमारे कई कर्मचारियों ने COVID-19 के कारण मित्र या परिजन खो दिए हैं। कौनसे मानसिक स्वास्थ्य संसाधन उपलब्ध हैं?
अपने कर्मचारी को आश्वस्त करें कि घबराहट, उदासी, चिंतित और डर महसूस करना या विपत्ति के अन्य लक्षणों, जैसे कि सोने में परेशानी का अनुभव करना स्वाभाविक है। अपने स्वास्थ्य और भावनात्मक सुखाकारी को प्रबंधित करने में सहायता करने वाले ऑनलाइन टूल के लिए nyc.gov/nycwell पर स्थित "App Library" (ऐप लाइब्रेरी) पर जाएं। कर्मचारी एक निःशुल्क और गोपनीय मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवा, NYC Well, में काउंसलर्स के साथ जुड़ सकते हैं। NYC Well के कर्मचारी 24/7 उपलब्ध हैं और देखभाल के लिए संक्षिप्त परामर्श और रेफरल प्रदान कर सकते हैं:

- 888-692-9355 पर कॉल करें।
- यहाँ nyc.gov/nycwell पर ऑनलाइन चैट करें।

न्यूयॉर्क राज्य की COVID-19 भावनात्मक सहायता हेल्पलाइन भी उपलब्ध है और विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वयंसेवक पेशेवरों के साथ संचालित है। वे 844-863-9314 पर समस्या सुनने, सहायता करने और रेफ़रल देने के लिए सप्ताह के सातों दिन, सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध हैं।

अपने कार्यस्थल पर, दिवंगत हुए कर्मचारियों का आभार प्रकट करने के तरीकों पर विचार करें, जैसे, उनके सम्मान में कुछ पल मौन रहना, उनकी याद में ऑनलाइन पेज बनाना, या सभी को उनके घर पर ही रखते हुए शोकसभा आयोजित करके श्रद्धांजलियां साझा करना। क्या उपयुक्त है यह बात कई कारकों पर निर्भर करेगी, जैसे कार्यस्थल की संस्कृति और परिवार की इच्छाएं।

शारीरिक दूरी

यदि संभव हो तो, क्या मेरे कर्मचारियों को कार्यस्थल आए बिना/घर से ही कार्य करने रहना चाहिए?
हाँ। घर से कार्य करने (टेलीवर्क) की नीतियों को जारी रखने से COVID-19 का संचार घटाने में NYC को मदद मिलेगी और ऐसे कर्मियों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी जिनके लिए अपना कार्य करने हेतु कार्यस्थल आना आवश्यक होता है।

मेरे कर्मचारी घर से कार्य नहीं कर सकते हैं। क्या कार्यस्थल पर लोगों की संख्या घटाने के कोई और तरीके हैं?
हाँ। कार्य समयों और दिनों को विभाजित करके स्थल पर कर्मियों की संख्या घटाएं। स्थल पर लोग जितने कम होंगे, शारीरिक दूरी बनाए रखना उतना ही आसान होगा।

क्या मेरे कर्मचारियों को कार्यस्थल पर शारीरिक दूरी बनाए रखनी होगी? शारीरिक दूरी के प्रोटोकॉल कब तक लागू रहेंगे?
हां, कर्मचारियों को शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। COVID-19 का प्रसार रोकने के लिए शारीरिक दूरी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अन्य प्रतिबंध हटा लिए जाने के बाद भी, शारीरिक दूरी बनाए रखना, फ़ेस कवर का उपयोग करते रहना और हाथों की उत्तम स्वच्छता की प्रथाओं का उपयोग करते रहना महत्वपूर्ण होगा। शारीरिक दूरी संबंधी आदेशों में बदलावों के बारे में जानने के लिए, NYS और NYC से आने वाली सूचनाओं पर नज़र रखें।

यदि, अपनी जॉब और भौतिक कार्यस्थल की प्रकृति के कारण मेरे कर्मचारी अन्य लोगों से शारीरिक दूरी बनाए रखने में असमर्थ हों तो मुझे क्या करना चाहिए?
यदि स्टाफ़ अन्य लोगों से 6 फ़ीट के दायरे में आ सकता है, तो उसे फ़ेस कवर पहनना चाहिए। इसके अतिरिक्त, यह पुरज़ोर सलाह दी जाती है कि किसी भी साझा, इमारत के अंदर के स्थान में होने के दौरान हर कोई अधिकतम संभव फ़ेस कवर पहने, तब भी जब शारीरिक दूरी बनाए रखी जा सकती हो। कार्यालयी कार्य के लिए और ऐसे अन्य कार्यों के लिए जिनमें ग्राहकों या अन्य लोगों से आमने-सामने के सीधे व्यवहार की आवश्यकता नहीं होती है, कुछ या समस्त स्टाफ़ को घर से कार्य (टेलीवर्क) करने की अनुमति देने पर विचार करें। यदि घर से कार्य करना (टेलीवर्क) संभव न हो, तो कर्मचारियों के बीच अधिकतम संभव स्थान रखें। किसी भी समय विशेष पर उपस्थित कर्मचारियों की संख्या घटाने के लिए कार्य पालियां (शिफ़्ट) विभाजित कर दें। यदि संभव हो तो डेस्क दूर-दूर खिसका दें। मीटिंग रूम को कार्यस्थान में बदल दें। स्टाफ़ से उपाय/युक्तियां पूछें। रचनात्मक सोचें!

क्या ऐसे सुरक्षा उपाय या प्रोटोकॉल हैं जिन्हें मुझे अधिक आवागमन वाले स्थानों में लागू करना चाहिए? उदाहरण के लिए, किसी एलिवेटर में एकसाथ कितने लोगों को होने की अनुमति देनी चाहिए?
यदि संभव हो तो, अधिक आवागमन वाले स्थानों को इस प्रकार पुनः व्यवस्थित करें जिससे कर्मचारी शारीरिक दूरी व्यवहार में ला पाएं। यदि बेहद छोटे और बंद स्थानों, जैसे एलिवेटर, में एकसाथ एक से अधिक व्यक्ति हों, तो उपस्थित व्यक्तियों की संख्या अधिकतम क्षमता के 50% से कम रखें और सभी उपस्थित व्यक्तियों के लिए फ़ेस कवर पहनना आवश्यक करें। एलिवेटर के किनारों पर संदेश चस्पा करें जिनमें प्रति एलिवेटर कार व्यक्तियों की संख्या बताई गई हो, यदि उतनी संख्या में व्यक्ति उपस्थित हों तो अन्य व्यक्तियों को अगले एलिवेटर की प्रतीक्षा करने का निर्देश दिया गया हो, और फ़ेस कवर पहनने का निर्देश दिया गया हो। स्टाफ़ को सीढ़ियों से आने-जाने को प्रेरित करें।

अंदर और बाहर लाइनों का प्रबंधन करें। कहां खड़ा होना है यह लोगों को दिखाने के लिए टेप या अन्य चिह्न लगाएं, ताकि वे अपने दोनों तरफ़ अन्य व्यक्तियों से 6 फ़ीट दूर रहें। व्यक्तियों को पास से गुजरने देने के लिए पर्याप्त स्थान छोड़ें। प्रतीक्षारत ग्राहकों को शारीरिक दूरी की आवश्यकताएं याद दिलाने वाले संदेश चस्पा

करें।

क्या मैं आमने-सामने की मीटिंग रख सकता/ती हूं? क्या मीटिंग में भाग लेने वालों के लिए कोई अधिकतम संख्या है?
अधिकतम संभव सीमा तक मीटिंग करने की वैकल्पिक विधियों का उपयोग करें, जैसे टेलीफोन और वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग। आमने-सामने की मीटिंग में स्टाफ़ की संख्या बेहद सीमित रखें, मीटिंग के लिए विशाल कॉन्फ़्रेंस रूम या खुले स्थानों का उपयोग करें, और कम-से-कम 6 फ़ीट की शारीरिक दूरी बनाए रखें।

स्टाफ़ — जैसे कि वेयरहाउस या स्टॉकरूम का स्टाफ़ — डिलीवरी कर्मियों के साथ या वेयरहाउस आने वाले अन्य लोगों के साथ किस प्रकार व्यवहार करे?
डिलीवरी कर्मियों के साथ व्यवहार करते समय, कर्मचारियों को उन सभी सावधानियों का पालन करना होगा जिनका वे पहले ही कार्यस्थल पर पालन कर रहे हैं — अधिकतम संभव दूरी बनाए रखना, फ़ेस कवर पहनना, और नियमित रूप से अपने हाथ धोना तथा अपने चेहरे को छूने से बचना। अन्य सावधानियां लागू करें, जैसे ड्राइवर से वाहन में ही बैठे रहने को कहना और कर्मचारियों से पैकेज पर हस्ताक्षर के लिए अपने खुद के पेन प्रयोग करवाना।

फेस कवरिंग पहनना

क्या मेरे कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर फेस कवरिंग पहनना आवश्यक है?
यदि कर्मचारी अपने और दूसरों के बीच कम-से-कम 6 फ़ीट की दूरी बनाए नहीं रख सकते हैं तो उन्हें फ़ेस कवर पहनना होगा, और यह पुरज़ोर सलाह दी जाती है कि वे इमारत में अंदर अन्य लोगों के आस-पास होने के दौरान सारे समय फ़ेस कवर पहनें, तब भी जब 6 फ़ीट की दूरी बनाए रखी जा सकती हो।

यदि कोई कर्मचारी जो चिकित्सीय कारणों से फ़ेस कवर को सहन नहीं कर सकता है और उसका कार्य ऐसा है जिसे शारीरिक दूरी बनाए रखते हुए नहीं किया जा सकता है, तो शहर का मानवाधिकार कानून आपके लिए यह आवश्यक करता है कि आप कर्मचारी से इस बारे में एक सहकारी संवाद करें कि क्या आप कोई ऐसा समुचित समायोजन/व्यवस्था कर सकते हैं जिससे आपके व्यवसाय के लिए अनुचित कठिनाई उत्पन्न न हो। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि आप कर्मचारी को किसी ऐसे पद पर स्थानांतरित कर सकें जहां दूसरों के समीप रहते हुए कार्य करना आवश्यक न हो, या फिर हो सकता है कि आप कर्मचारी को घर से कार्य करने की पेशकश कर सकें। यदि अन्य विकल्प कार्य नहीं करते हैं, तो हो सकता है कि आप अनुपस्थिति अवकाश प्रदान कर सकें।

क्या मुझे कर्मचारियों को फ़ेस कवर प्रदान करने होंगे या कर्मचारियों को अपने लिए फ़ेस कवर स्वयं लाने होंगे?
आपको अपने कर्मचारियों को मुफ्त में फेस कवरिंग उपलब्ध करवानी होगी। हमेशा पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखें। यदि कर्मचारियों की फेस कवरिंग न्यूनतम मानकों को पूरा करती हों, तो आप उन्हें उनकी अपनी फेस

कवरिंग लाने और पहनने की अनुमति दे सकते हैं। निकास वाल्व वाले फेस कवरिंग **नहीं** इस्तेमाल किए जाने चाहिएं क्योंकि वे बिना फिल्टर की हुई बाहर छोड़ी गई हवा को दूसरों तक पहुंचाते हैं। संभव है कि लघु व्यवसायों को निःशुल्क फ़ेस कवर मिल पाएं। अधिक जानने के लिए, nyc.gov/nycbusiness/article/free-face-coverings पर आएं।

मैं ऐसे ग्राहक, क्लाइंट, या आगंतुक को कैसे संभालूं जो शारीरिक दूरी और फ़ेस कवर के नियमों का पालन करने से मना कर रहा हो?

NYS कार्यकारी आदेश 202.34 के तहत, व्यवसाय ग्राहकों के लिए फ़ेस कवर पहनने के संबंध में अधिक कड़े नियम तय कर सकता है, जिसमें फ़ेस कवर नहीं पहनने वाले ग्राहकों को सेवा देने से मना करना शामिल है। और वे ग्राहकों को उस NYS कार्यकारी आदेश के बारे में शिक्षित करने के लिए संदेश चस्पा कर सकते हैं जिसमें, घर से बाहर होने पर और बशर्ते कि शारीरिक दूरी बनाए न रखी जा सकती हो, लोगों के लिए फ़ेस कवर पहनना आवश्यक किया गया है। यदि कोई ग्राहक व्यवसाय के नियमों, जिसमें फ़ेस कवर और शारीरिक दूरी से संबंधित नियम शामिल हैं, का पालन करने से मना करता है तो आप उस व्यक्ति को वहां से जाने को कह सकते हैं।

हालांकि, यदि व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी अशक्तता के कारण फ़ेस कवर नहीं पहन सकता है, तो आपको व्यक्ति के साथ इस बारे में चर्चा करनी होगी कि क्या उसे एक ऐसा समुचित समायोजन/व्यवस्था प्रदान करने का कोई ऐसा तरीका है जिससे आपके लिए अनुचित कठिनाई उत्पन्न न हो। आपको ऐसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं प्रदान करने की कोशिश करनी चाहिए जो आपके व्यवसाय, आपके स्टाफ़, और आपके अन्य ग्राहकों के लिए व्यावहारिक हों। प्रत्येक व्यवसाय की, व्यवसाय के लिए कठिनाई उत्पन्न किए बिना समायोजन/व्यवस्थाएं करने की योग्यता के आधार पर, ये व्यवस्थाएं अलग-अलग होंगी। यदि कोई आपातस्थिति या ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जो जीवन या व्यक्तिगत संपत्ति को ख़तरा उत्पन्न कर सकती है, तो **911** पर कॉल करें।

एक "स्वीकार्य" फेस कवरिंग किसे माना जाता है?

कृपया फेस कवरिंग के बारे में बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न को देखें:
www1.nyc.gov/assets/doh/downloads/pdf/imm/covid-19-face-covering-faq.pdf.

यदि कर्मचारी फेस कवरिंग पहन रहे हैं, तो क्या उन्हें अपने और दूसरों के बीच 6 फीट की दूरी बनाए रखने की आवश्यकता है?

फेस कवरिंग के उपयोग को शारीरिक दूरी का स्थान नहीं लेना चाहिए। जब भी संभव हो, कर्मचारियों को दूसरों से 6 फ़ीट दूर रहना चाहिए, तब भी जब वे फ़ेस कवर पहने हुए हों।

क्या मैं कर्मचारियों के लिए सारे समय फ़ेस कवर पहनना आवश्यक कर सकता/ती हूं, तब भी जब शारीरिक दूरी बनाए रखी जा रही हो?
हाँ। सामान्यतः आवश्यकता यह है कि जब कर्मचारी दूसरों से कम-से-कम 6 फ़ीट दूर न रह सकते हों तो वे फ़ेस कवर पहनें। यह पुरज़ोर सलाह दी जाती है कि अपने घर से बाहर किसी साझा, इमारत के अंदर के स्थानों, जैसे कार्यालयों और अन्य कार्य स्थलों, में होने के दौरान लोग अधिकतम संभव फ़ेस कवर पहनें। नियोक्ता अधिक कड़ी नीति तय कर सकते हैं और लोगों के बीच 6 फ़ीट की दूरी बनाए रखने की स्थिति में भी फ़ेस कवर का उपयोग आवश्यक कर सकते हैं। हालांकि, जैसा ऊपर समझाया गया है, यदि व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी अशक्तता के कारण फ़ेस कवर नहीं पहन सकता है, तो आपको उस व्यक्ति के साथ इस बारे में चर्चा करनी होगी कि क्या उसे एक ऐसा समुचित समायोजन/व्यवस्था प्रदान करने का कोई ऐसा तरीका है जिससे आपके लिए अनुचित कठिनाई उत्पन्न न हो।

उद्योग के आधार पर, आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं। विवरण के लिए NY Forward (NY अग्रसर) देखें।

यदि कोई कर्मचारी इसलिए फ़ेस कवर पहनने से मना करे कि वह उसे पहनना नहीं चाहता है तो?
सभी कर्मचारियों को फ़ेस कवर पहनने के महत्व के बारे में शिक्षित करें। यदि कोई कर्मचारी ऐसे समयों पर फ़ेस कवर पहनने से मना करता है जिन समयों पर राज्यपाल (गवर्नर) के और महापौर (मेयर) के आदेशों या नियोक्ता की नीति द्वारा कर्मचारी के लिए फ़ेस कवर पहनना आवश्यक किया गया है, और मना करने के पीछे कोई चिकित्सीय कारण नहीं है, तो नियोक्ता उस कर्मचारी को दंडित कर सकता है।

क्या मुझे निकासी वाल्व लगी फेस कवरिंग का इस्तेमाल करना चाहिए?
नहीं। सांस छोड़ने के वॅल्व वाले फ़ेस कवर से सांस द्वारा छोड़ी गई हवा बिना फ़िल्टर हुए बाहर निकल जाती है, जिससे वह फ़ेस कवर कम प्रभावी रह जाता है।

मैं प्रत्येक कर्मी को कितने फ़ेस कवर प्रदान करूं?
कर्मचारियों के पास हर दिन एक साफ और क्षतिमुक्त फ़ेस कवर हो यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें एक बार उपयोग वाले एकाधिक फ़ेस कवर या एकाधिक कपड़े के कवर प्रदान करें।

हाथों की उत्तम स्वच्छता एवं सफाई के प्रोटोकॉल

मेरा कार्यालय स्थान कुछ समय से खाली है। क्या मुझे मेरे कार्यबल के लौटने से पहले सफाई की कोई विशेष तैयारियां करनी चाहिए?
कार्यस्थल पर लौटने से पहले, एक नियमित सफाई एवं विसंक्रमण कार्य संचालित करें जिसमें बारंबार छुई जाने वाली सतहों और वस्तुओं, जैसे दरवाज़ों की घुंडियों, हैंडलों और नलकों/टोंटियों पर विशेष ध्यान दें। यदि इमारत में हवा या पानी के परिसंचरण जैसी प्रणालियां हों, तो लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के बाद प्रणाली को पुनः आरंभ करने के संबंध में निर्माता के सुझावों का पालन करें।

मेरा व्यवसाय स्थान कुछ समय से खाली है। क्या कर्मचारियों और अन्य लोगों हेतु पानी पीने के लिए सुरक्षित है?
यदि कोई इमारत खाली रही है या उसमें बहुत कम लोग उपस्थित रहे हैं, तो संभावना यह है कि प्लम्बिंग (प्लमिंग) सिस्टम में मौजूद पानी गंदा हो चुका होगा। गंदा पानी इमारत के उपयोक्ताओं के लिए जोख़िम पैदा कर सकता है। गंदे पानी को हटाकर नगरीय जलापूर्ति से प्राप्त ताज़ा पानी लाकर इन जोख़िमों को हटाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के बारे में अपने इमारत के प्रंबधक से बात करें। इमारत स्वामियों, प्रबंधकों, इंजीनियरों, प्रचालकों और अधीक्षकों (सुपरइन्टेन्डेन्ट) के लिए विस्तृत मार्गदर्शन "Guidance for Returning Building Water Systems to Service After Prolonged Shutdown" (लंबे समय तक बंद रहने के बाद इमारत की जल प्रणालियों को पुनः सेवारत करने हेतु मार्गदर्शन में दिया गया है)।

क्या मुझे स्पर्शहीन हैंड सैनिटाइज़र प्रदान करना चाहिए?
हाँ। साझा सतहों, उपकरणों और टूल्स वाले सभी स्थानों में कम-से-कम 60% एल्कोहल वाला स्पर्शहीन हैंड सैनिटाइज़र रखना, अपने स्टाफ़, क्लाइंट्स, आगंतुकों, और ग्राहकों के लिए हाथों की उत्तम स्वच्छता को बढ़ावा देने का एक अच्छा तरीका है।

क्या मेरे स्टाफ़ को दस्ताने पहनने चाहिएं?
दस्तानों के नियमित उपयोग की सलाह नहीं दी जाती है। CDC बताता है कि सामान्यतः दस्ताने तब उपयुक्त होते हैं जब किसी अस्वस्थ व्यक्ति के लिए साफ-सफाई या देखभाल करनी हो। अधिकांश अन्य स्थितियों में, दस्ताने पहनना आवश्यक नहीं होता है और दस्ताने पहनने के बावजूद रोगाणु फैल सकते हैं। स्वयं को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन व पानी से 20 सेकंड तक धोएं या कम-से-कम 60% एल्कोहल वाला हैंड सैनिटाइज़र प्रयोग मे लाएं।

मुझे साझा स्थानों, जैसे मीटिंग रूम, रसोईघरों, और प्रसाधन कक्षों/शौचालयों को कितनी बार साफ करना चाहिए?
कम-से-कम प्रतिदिन एक बार नियमित सफाई और विसंक्रमण का कार्य करें, और साझा वस्तुओं (जैसे टूल्स), बारंबार छुई जाने वाली सतहों, और अधिक आवागमन वाले स्थानों, जैसे शौचालयों/प्रसाधन कक्षों, और साझा स्थानों की सफाई एवं विसंक्रमण इससे भी अधिक बार करें। अधिक छुई जाने वाली सतहों और वस्तुओं के उदाहरणों में मीटिंग टेबल, कुर्सियों के हत्थे, दरवाज़ों की घुंडियां, अलमारी खोलने के हैंडल, रेफ़्रिजरेटर के दरवाज़े का हैंडल, टोंटियां/नलके, शौचालय और लाइट स्विच शामिल हैं। देखें सफाई मार्गदर्शन।

नियोक्ता के स्वामित्वाधीन एवं नियंत्रणाधीन उपकरणों, जैसे कठोर टोपियों को और जो भी फ़ेस शील्ड हों उन्हें, हर शिफ़्ट के समाप्त होने पर सैनिटाइज़ किया जाना चाहिए। उपकरण के अंदरूनी भाग को साफ और विसंक्रमित करें, फिर बाहरी भाग को करें, और फिर साबुन व पानी से हाथों को धोएं।

अपनी स्वयं की कठोर टोपियां और टूल्स लाने वाले कर्मियों को सफाई और सेनिटेशन के उचित उत्पाद प्रदान करके प्रेरित करें कि वे भी इसी सफाई प्रोटोकॉल का पालन करें। उक्त सफाई पूरी करने के लिए सवेतन कार्य समय प्रदान करें।

क्या वेंटिलेशन सिस्टम COVID-19 संचारित कर सकता है? कर्मचारियों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए मैं क्या कदम उठा सकता/सकती हूँ?

वर्तमान प्रमाण सीमित है और यह नहीं बताता है कि वेंटिलेशन सिस्टम में प्रवेश करने वाली हवा वायरस को संचारित करेगी। फिर भी, एयर कंडीशनिंग इकाइयों, सप्लाई एयर डक्ट या पंखों (व्यक्तिगत या कमरे के पंखे) से स्थानों के बीच हवा की तेज़ आवाजाही ड्रॉपलेट को लगभग 6 फीट से आगे ले जा सकती है। विचार करें:

- एयर वेंट और पंखों को हवा स्रोत से ऊपर की ओर बहाने के लिए व्यवस्थित करना
- कर्मचारियों और ग्राहकों को इस प्रकार स्थित करना कि वे हवा के बहाव के ठीक सामने न हों
- हवा के तेज़ बहाव वाले कमरों में, दूसरों से 6 फ़ीट या इससे अधिक दूरी पर होने पर भी कर्मचारियों के लिए फ़ेस कवर पहनना आवश्यक करना।

वेंटिलेशन को बेहतर बनाने के लिए ये उपाय भी करें, जैसा आपके स्थान के लिए उपयुक्त हो:

- बाहरी हवा का प्रतिशत, हो सके तो 100% तक बढ़ाएँ (पहले तापमान और आर्द्रता नियंत्रण के लिए ताप और वेंटिलेशन दोनों की HVAC सिस्टम क्षमताओं के साथ संगतता की पुष्टि करें और इसके साथ-साथ बाहरी/आंतरिक हवा की गुणवत्ता के तत्वों की संगतता की पुष्टि करें)।
- यदि संभव हो तो व्यक्तियों की मौजूदगी वाले स्थानों पर हवा के प्रवाह की कुल आपूर्ति को बढ़ाएं।
- डिमांड-कंट्रोल वेंटिलेशन (DCV) कंट्रोल्स को बंद करें जो तापमान या निवास के आधार पर हवा की आपूर्ति को कम करते हैं।
- जब मौसम की परिस्थितियाँ और इमारत संबंधी अपेक्षाएं अनुमति दें, तब हवा का प्रवाह बढ़ाने के लिए प्राकृतिक वेंटिलेशन (जैसे, यदि संभव हो और ऐसा करना सुरक्षित हो तो खिड़कियाँ खोलना) का उपयोग करने पर विचार करें।
- डिजाइन वायु प्रवाह में अत्यधिक कमी किए बगैर जितना अधिक संभव हो, सेन्ट्रल एयर फिल्टरेशन में सुधार करें (MERV 13 या 14)।
  - उपयुक्त फ़िल्टर फिट सुनिश्चित करने और फ़िल्टर बाइपास को कम करने के तरीकों की जाँच करने के लिए फ़िल्टर हाउसिंग और रैक का निरीक्षण करें।
- डायल्यूशन वेंटिलेशन को अधिकतम करने के लिए लोगों के नहीं रहने के दौरान वेंटिलेशन सिस्टम को चलाने पर विचार करें।
- सुनिश्चित करें कि जब कार्यस्थल पर लोग उपस्थित हों, तब बाथरूम में एग्ज़ॉस्ट फैन चल रहे हों और पूरी क्षमता से काम कर रहे हों।

हमें डाक में आने वाले पैकेज कैसे संभालने चाहिए?
डाक, जिसमें पैकेज शामिल हैं, को संभालते समय हाथों की उत्तम स्वच्छता अभ्यास में लाएं।

संचार और प्रशिक्षण

मुझे मेरे कर्मचारियों को COVID-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल्स के बारे में याद दिलाने वाले संदेश/संकेत कहां मिल सकते हैं?
NYC स्वास्थ्य विभाग (हेल्थ डिपार्टमेंट) के पास कई भाषाओं में संकेत/संदेश निःशुल्क उपलब्ध हैं। **311** को कॉल करें या www1.nyc.gov/site/doh/covid/covid-19-posters-and-flyers.page से डाउनलोड करें:

- फैलाव को रोकें
- शारीरिक दूरी
- अपने हाथ धोएँ
- मुंह ढक कर खांसें

मुझे मेरे कर्मचारियों को COVID-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल्स के बारे में किस प्रकार प्रशिक्षित करना चाहिए?

- इस बात की निगरानी करें कि आपका स्टाफ़ COVID-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल्स को कितनी अच्छी तरह लागू कर रहा है।
- अपनी सुरक्षा योजना ऐसे स्थान पर चस्पा करें जहां आपके कर्मचारी उस पर ग़ौर कर सकते हों। अपने कर्मचारियों के बीच योजना वितरित करें ताकि वे जान सकें कि क्या अपेक्षित है।
- प्रशिक्षण एवं शिक्षण को आवश्यकतानुसार दोहराएं। अपने कर्मचारियों के लिए प्रश्न पूछने एवं चिंताएं जाहिर करने की एक व्यवस्था बनाकर रखें।
- नई भर्तियों, प्रशिक्षुओं, स्वयंसेवियों, अस्थायी कर्मियों, और ठेकेदारों को प्रशिक्षित करना सुनिश्चित करें। संचार के एकाधिक साधनों का उपयोग करें: ईमेल, बुलेटिन बोर्ड पर पोस्ट करना, घोषणाएं।
- कर्मचारियों को समझ में आने वाली भाषा में संवाद करें।

क्या मार्गदर्शन में सुझाए गए संदेशों/संकेतों के लिए दृश्यता या आकार का कोई मानक है?
संदेशों/संकेतों के आकार के संबंध में कोई आवश्यकता लागू नहीं है। ऐसे संदेश/संकेत चस्पा करें जिन्हें कर्मियों, ग्राहकों और क्लाइंट्स द्वारा आसानी से देखा और पढ़ा जा सकता हो। ये संदेश/संकेत लोगों को COVID-19 की गंभीरता घटाने की कार्यप्रथाओं के बारे में याद दिलाने और उनके लिए आवश्कताओं तथा सर्वोत्तम कार्यप्रथाओं को समझना आसान बनाने के लिए हैं।

दैनिक यात्रा, यात्रा, एवं आगंतुक

क्या मेरे कर्मचारी कार्य पर आने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं?
यदि जॉब में संभव हो तो कर्मचारियों को घर से कार्य करने की अनुमति दें। स्टाफ़ को चलकर या बाइक से कार्यस्थल आने को प्रेरित करें। सबवे या बस से दैनिक यात्रा करने वाले स्टाफ़ को सहयोग देने के लिए

विभाजित समय-सारणियां बनाएं ताकि वे भीड़ से बच सकें। लचीली विलंब नीतियां लागू करें ताकि कर्मचारी भीड़ से भरे सबवे में जाने पर विवश न हों, और साथ-ही-साथ कर्मचारियों को दैनिक यात्रा के लिए अतिरिक्त समय निकालने के बारे में याद भी दिलाएं।

क्या मेरे कर्मचारी व्यवसाय के लिए यात्रा कर सकते हैं?
जिन मीटिंग एवं एकत्रण के लिए सामान्यतः यात्रा आवश्यक होती है उनके लिए, जब भी संभव हो तब, वीडियो कॉन्फ़रेंस या टेलीकॉन्फ़रेंस के उपयोग को बढ़ावा दें। जो कार्य-संबंधी मीटिंग या एकत्रण केवल आमने-सामने ही हो सकते हों उन्हें रद्द करने, समायोजित करने या स्थगित करने पर विचार करें।

स्कूल और बाल देखभाल इकाइयां दोबारा कब खुलेंगी? यदि स्कूल अभी-भी भौतिक रूप से बंद हैं पर व्यवसाय दोबारा खुल रहे हैं तो बाल देखभाल किस प्रकार प्रदान की जाएगी?
NYC COVID-19 प्रतिक्रिया के अगले चरणों की योजना बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है पर हमारे पास स्कूल और बाल देखभाल को दोबारा खोलने का अभी तक कोई दिनांक नहीं है।

क्या शहर निरीक्षक अनुपालन की पुष्टि के लिए व्यवसायों का दौरा करेंगे?
हाँ। न्यू यॉर्क शहर व्यवसायों को इस बारे में शिक्षित करेगा कि दोबारा खोले जाने की आवश्यकताओं का अनुपालन किस प्रकार किया जाए। अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए निरीक्षक व्यवसायों के दौरे पर आ सकते हैं।

स्थिति में होने वाले बदलावों के साथ-साथ NYC स्वास्थ्य विभाग सिफ़ारिशों को बदल सकता है। 7.15.20